महत्वपूर्ण एवं खास

सरसीवां नगर पंचायत में 5 मार्च को होगा सम्मेलन और उपाध्यक्ष निर्वाचन

सारंगढ़ बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 55 के तहत नगर पंचायत के अध्यक्ष और पार्षदों के प्रथम सम्मेलन और उपाध्यक्ष के निर्वाचन सरसीवां में 5 मार्च को होगा। इस कार्य के लिए तहसीलदार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में यह कार्यकम नगर पंचायत सरिया और पवनी में 6 मार्च को, बरमकेला और बिलाईगढ़ में 7 मार्च को होगा।

सेक्स सीडी कांड : पूर्व सीएम भूपेश बघेल पहुंचे कोर्ट

रायपुर (आरएनएस)। सेक्स सीडी कांड में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सीबीआई के स्पेशल कोर्ट में पहुंचे हैं. 203 नंबर जज भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे. छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सेक्स सीडी कांड की 7 साल बाद रायपुर कोर्ट में सुनवाई हो रही है. आज मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मीडिया सलाहकार विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपियों की कोर्ट में पेशी है. सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील अपनी बात रखेंगे.

रायपुर में स्टार्टअप और निवेश पर हई चर्चा, इनोव 8 में उद्यमियों और निवेशकों का संगम

रायपुर (आरएनएस)। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा आज रविवार को इनोव 8 में एक विशेष स्टार्टअप एवं इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के प्रमुख निवेशक, सफल उद्यमी और स्टार्टअप संस्थापक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में व्यवसायिक संभावनाओं, निवेश रणनीतियों और नवाचार पर गहन चर्चा हुई। प्रिंटमाइन के संस्थापक हर्ष अग्रवाल ने अपनी प्रेरणादायक उद्यमशीलता यात्रा साझा की, जिससे नए उद्यमियों को दिशा मिली। इसके अलावा, ब्लैकस्टोन के प्रबंध निदेशक, मैनकाइंड के इन्वेस्टमेंट लीड, डंजो के संस्थापक और मेट्री के संस्थापक रोहित कश्यप ने बिजनेस ग्रोथ, निवेश और स्टार्टअप सफलता पर विचार-विमर्श किया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए स्टार्टअप संस्थापकों और निवेशकों ने नेटवर्किंग की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। यह आयोजन रायपुर को एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

जंगल में मिली युवती की अधजली लाश

कोरबा (आरएनएस)। जिले के पाली थाना क्षेत्र में आने वाले रामटोक जंगल में एक युवती की अधजली लाश मिली है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस की टीम ने प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना पाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगदरा के रामटोक जंगल में गा्रमीणों ने एक युवती की अधजली शड़ी गली लाश देखी और इसकी सूचना पाली थाना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल एवं शव निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया युवती की गला दबाकर हत्या कर साक्ष्य छुपाने के इरादे से जंगल में लाकर लाश जलाये जाने की आशंका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अंतरजिला चोर गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

भाटापारा-रायपुर। आरएनएस

पिछले कुछ समय से भाटापारा शहर के अलग-अगल क्षेत्रों में मकानों में चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त हो रही थी। जिन पर थाना भाटापारा शहर में चोरी नकबजनी का अपराध दर्ज कर अनुसंधान में लिया गया था। मामलो में माल मुल्जिम के पतासाजी हेतु थाना भाटापारा शहर एवं सायबर सेल से विशेष टीम गठित किया गया था। मामलो में दौरान विवेचना के ज्ञात हुआ की मामले का संदेही गोवा क्षेत्र में उपस्थित है। जिस पर विशेष टीम को कार्यवाही हेतु गोवा रवाना किया था। जहां उक्त टीम के द्वारा एक संदेही की पहचान कर पकड़ा गया, जिससे पुछताछ करने पर उसने अपना नाम अजय राठौर निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा शहर का होना बताया, उसने पिछले दो माह में भाटापारा के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया हैं। आरोपी से विस्तृत पुछताछ करने पर माह जनवरी एवं फरवरी में भाटापारा शहर अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, संजय वार्ड, परशुराम वार्ड, लखन कालोनी, हथनीपारा, कल्याण सागर, कृष्णानगर, सिंधी मोहल्ला, संजय वार्ड के सुने मकान में ताला तोड कर चोरी करना एवं नेहरू वार्ड, सिंधी मोहल्ला सर्कस मैदान से स्कूटी और हेमु कल्याणी वार्ड से मोटर सायकल की चोरी करना स्वीकार किया गया। पुछताछ पर आरोपी अजय राठौर ने बताया की उसके द्वारा चोरी किये हुए समान को अपने एक अन्य फरार सांथी के माध्यम से खपाने के उद्देश्य से रायपुर में सामानो की बिक्री करता था।

आरोपी ने यह भी बताया की उसके द्वारा संजय वार्ड से चोरी किये हुए सामान 03 नग सोने का हार, कान का टाप, एक जोडी चांदी का पायल को अपने परिचित अनिकेत रगडे निवासी आमानाका रायपुर को विक्रय करने के उद्देश्य से दिया था, जिसमें से अनिकेत रगडे ने एक नग मंगलसूत्र को राजनांदगांव निवासी मोहित स्वामी को दिया, जिसने चोरी किये हुए मंगलसूत्र को प्रकाश जैन निवासी इंदिरा नगर राजनांदगांव को विक्रय किया था। मामले में चोरी के समान की बिक्री में सहयोग करने वाले आरोपी अनिकेत रगडे के कब्जे से 02 नग सोने का हार, एक जोडी चांदी का पायल, एक नग झुमका, एक नग टाप, एवं नगदी रकम 50,000 कुल किमती 5,05,000 बरामद किया गया हैं। प्रकरण के अनुसंधान में चोरी का सामान बिक्री करने वाले आरोपी मोहित स्वामी के कब्जे से चुराई हुई संपत्ति बेच कर प्राप्त राशि 2000 का सामान एवं आरोपी प्रकाश जैन के कब्जे से एक नग मंगलसूत्र किमती 1,90,000 को बरामद कर जप्त किया गया हैं। मामले में आरोपी 'अजय राठौर से चोरी से नगदी रकम 11000 एवं 03 नग मोटर सायकल क्र. ष्टत्र22 7350, क्रमांक ष्टत्र22 ष्ट 4495, एवं सोल्ड स्कूटी जो आरोपी द्वारा चोरी की घटना अंजाम देने के पश्चात लावारिस हालत में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छोडा गया था, कुल किमती 1,50,000 बरामद कर जप्त किया' गया हैं।

इस प्रकार मामले में चारो आरोपियो के कब्जे से कुल 9,08,000 की सम्पत्ति की बरामदगी करने में सफलता मिली हैं। मामले में आरोपी ने चोरी से प्राप्त मशरूका को खपत करने हेतु अपने अन्य आरोपियों के बारे में भी बताया हैं, प्रकरण के विवेचना क्रम मे परिस्थिति जन्य साक्ष्य एवं गहन पूछताछ के आधार पर प्रकरण मे शामिल 04 अन्य आरोपियो को हिरासत मे लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियो द्वारा गिरफ्तार आरोपी अजय राठौर से चोरी का सामान लेना एवं उनसे खपाने मे आरोपी का सहायता करना स्वीकार किया गया। प्रकरण मे आरोपी ज्योति राम गोरे उर्फ बाबू भाई से सोने के बिस्किट 06 ग्राम कीमती 52500, सोने के बिस्किट 19 ग्राम कीमती 1,60,000, चांदी का डल्ला 350 ग्राम कीमती 16000 एवं नगदी 3500 सहित कुल 2,38,000 कीमत मुल्य का सामान बरामद किया गया। प्रकरण मे पुलिस द्वारा अब तक कुल 08 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में पकड़े गए सभी आरोपी एक पेशेवर गैंग, सिंडिकेट के रूप में चोरी की सिलसिलेवार घटनाओं को अंजाम दे रहे थे, जिसमें चोरी करने वाला मुख्य आरोपी अजय राठौर है, गैंग के 05 सदस्य चोरी का माल खपाने का काम करते हैं एवं 02 सदस्य चोरी का माल खरीदारी करने का काम करते है।

बरामद सामग्रियो का विवरण :

01. आरोपी अकिनेत रगडे उर्फ गोलू से दो नग सोने का हार, एक जोडी चांदी का पायल, एक नग झुमका, एक नग टाप, एवं नगदी रकम 50,000 कुल किमती 5,05,000

02. प्रकाश जैन से एक सोने का मंगलसूत्र, किमती 1,90,000

03. अजय राठौर से नगदी रकम 11,000 एवं 03 नग मोटर सायकल आरोपी द्वारा घटना पश्चात लावारिस हालत में छोडने के पश्चात बरामद किमती 1,50,000

04. मोहित स्वामी से 2000 रूपये नगद

05. ज्योति गोरे से सोने का बिस्किट 06 ग्राम कीमती 52,500, सोने का बिस्किट 19 ग्राम कीमती 1,66,000, चांदी का डल्ला कीमती 16,000 कुल कीमती 2,34,500

06. डी. संतोष राव से नगदी रकम 3500

आरोपियों से कुल 12,50,000 का चोरी का सामान बरामद करने में मिली सफलता

छत्तीसगढ़ राज्य के बजट में समाहित है राज्य की प्रगति

❐ बजट पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के पत्रकार, महिला, व्यापारी, खिलाड़ी, कर्मचारी की प्रतिक्रिया

सारंगढ़ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती वर्ष और छत्तीसगढ़ के 25वे वर्ष रजत जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा राज्य के हित में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पेश किया। छत्तीसगढ़ राज्य के बजट में राज्य की प्रगति समाहित है। बरमकेला के वरिष्ठ पत्रकार मोहन नायक ने बजट में पत्रकारों के लिए सम्मान निधि की राशि को दोगुना करने का प्रावधान का स्वागत करते हुए कहा कि यह सरकार की अच्छी पहल है। पत्रकारों के हित में बजट में पत्रकारों को एक्पोजर विजिट के लिए एक करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया है जिससे पत्रकारों में नॉलेज बढ़ेगा, अन्य प्रदेशों के पत्रकारों से मधुर संबंध बढ़ेगा और सरकार के विकास कार्यो का भी देश के अन्य क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के अवसर मिलेंगे।

समाजसेवी और व्यापारी रतन शर्मा अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स ईकाई बरमकेला ने कहा कि इस बजट से प्रदेश के साथ ही जिले और ग्रामों में खुशहाली आएगी। इस बजट से कर्मचारी किसान, युवा, व्यापारी, महिला वर्ग सभी के लिए यह बजट आशा के अनुरूप पेश किया गया है। व्यापारी शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसा बजट पेश किया है जिससे सभी वर्गों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। चेंबर के लिए राजधानी में भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराना जिसमें व्यापारियों में खुशी है।

शासकीय व्याख्याता संघ के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम स्वर्णकार ने कहा कि पीएम मोदी के केंद्र सरकार के तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा भी डीए 53 प्रतिशत का प्रावधान करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कर्मचारी हित में मंहगाई को ध्यान में रखते हुए डीए में बढ़ोतरी किया है।

सारंगढ़ की गृहिणी भुनेश्वरी गोपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी महिलाओं के हित में महतारी वंदन योजना की राशि को बढ़ोतरी राज्य सरकार ने की है। इसी प्रकार गरीब निसंतान दंपति के लिए राज्य सरकार ने रायपुर के सरकारी हॉस्पिटल में आईवीएफ मेडिकल फैसिलिटी का प्रावधान, ऐसे परिवार के लिए खुशी का एक रास्ता बनाया है।

कराटे के नेशनल खिलाड़ी चौहान सिस्टर्स सोनिया और सानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जिले के खिलाड़ियों के हित में बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण का बहुत अच्छा सुविधा उपलब्ध होने वाला है। इसके लिए मुख्यमंत्री साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित खेल मंत्री टंकराम वर्मा को धन्यवाद और आभार करती हूं। हम खिलाड़ियों को अब एक स्टेडियम मिल जाएगा, जहां हम सभी प्रैक्टिस और अन्य खेल गतिविधियां कर सकते हैं।

घर में लगी आग, सिलेंडर फटने से भड़की आग की लपटें

दुर्ग-रायपुर। आरएनएस

आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बीती देर रात उतई थाना अंतर्गत सेलूद गांव में उमेश देवांगन के घर में आग लग गई। जब तक अग्निशमन विभाग की टीम वहां पहुंची आग काफी फैल गई थी। आग तेज होने से अंदर रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेलूद गांव निवासी उमेश देवांगन के घर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही उन्होंने एक फायर ब्रिगेड वाहन के साथ विजय चतुर्वेदी के नेतृत्व में फायरमैन मनोज सोनवानी, कुंजेश देशमुख, रूपेंद्र देशमुख और शारदा प्रसाद की टीम को वहां भेजा। टीम जैसे ही वहां पहुंची देखा घर में भीषण आग लगी थी। लोग किसी तरह आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे। तभी एक बड़ा ब्लास्ट हुआ। अग्निशमन कर्मियों और उतई पुलिस ने घर के आसपास से लोगों की भीड़ को दूर किया। उन्होंने लोगों को कहा कि घर के अंदर गैस सिलेंडर आग से ब्लास्ट कर रहा है। इसलिए घटना स्थल से दूर रहे। लोगों को घटना स्थल से दूर करने के बाद टीम ने आग को एक तरफ से बूझाना शुरू किया। टीम ने पहले घर के उस हिस्से की आग को बुझाया, जहां से दूसरे घर लगे थे और वहां भी आग बढने की आशंका थी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गिरौदपुरी मेला में हुए शामिल

❐ गुरुगद्दी की पूजा कर लिया आशीर्वाद, प्रदेशवासियों की ख़ुशहाली और समृद्धि की कामना की

❐ गिरौदपुरी मेला की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने तथा मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थाई शेड निर्माण की घोषणा

रायपुर। आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गिरौदपुरी धाम में आयोजित गुरुदर्शन मेला के पहले दिन गुरु गद्दी का दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर मेला समिति की मांग पर गिरौदपुरी मेले की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंदिर में दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरित किया।इस अवसर पर धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में संत एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेला 4 मार्च से 6 मार्च तक आयोजित होगा। गिरौदपुरी धाम में हर वर्ष आयोजित होने वाला यह मेला गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बन रहा है।

नेशनल लोक अदालत में 8 मार्च को राजीनामा योग्य केसों का होगा निराकरण

सारंगढ़-बिलाईगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में शनिवार 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माननीय न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग, समस्त बैंको आदि से संपर्क कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात् प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मेन्टेनेन्स धारा के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए निराकरण किया जाएगा।

अश्लील विडियो बनाकर सोशल मिडिया मे वायरल करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

काकेर। आरएनएस



कांकेर पुलिस ने अश्लील विडियो बनाकर सोशल मिडिया मे वायरल करने वाला आरोपी चमन साहू को गिरफतार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 03.03.2025 को प्रकरण की पीडिता थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2014-15 में आरोपी चमन साहू निवासी गोविन्दपुर के साथ जान पहचान हुआ था जो घर मे भी आना जाना करता था। वर्ष 2021-22 मे एक दिन शहर के एक होटल मे दोस्तो की पार्टी थी जिसमे पीडिता, आरोपी एंव दो अन्य दोस्त भी पार्टी में आये थे जो पार्टी के बाद अन्य दो दोस्त वहां से चले गये थे पीडिता और आरोपी रह गये थे आरोपी के द्वारा पीडिता को नशे के हालात में पीडिता के मर्जी के बिना पीडिता का अश्लील विडियो बना लिया जिसकी पीडिता को जानकारी नही थी। आरोपी के द्वारा विडियो बनाने के बाद विडियो को पीडिता को दिखाया जिसे पीडिता देखकर विडियो को डिलिट करने बोलने पर आरोपी चमन साहू के द्वारा विडियो को डिलिट करने का नाटक कर विडियो को डिलिट नहीं किया गया और उक्त अश्लील विडियो को सोशल मिडिया में वायरल कर दिया कि रिपोर्ट पर धारा 294 बीएनएस 67,67 (ए) आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी कांकेर मनीष नागर के द्वारा थाना से उप निरी सुरेन्द्र मानिकपुरी, मप्रआर हितेश्वरी चेलक, प्र.आर. गीतेश्वर कुलदीप, आर अनिल कुमार का टीम बनाकर त्वरित कार्यवाही कर आरोपी चमन साहू का पतासाजी कर आरोपी को गिर. कर प्रकरण मे इस्तेमाल किया गया मोबाईल को जप्त किया गया एंव आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्त्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

भक्तों को करना होगा लंबा इंतजार : भद्रा का साया, होलिका दहन के लिए मिलेंगे मात्र 64 मिनट

रायपुर। आरएनएस

होलिका दहन के लिए इस बार भक्तों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। देर रात तक इंतजार करने के बाद ही भक्तगण होलिका दहन कर सकेंगे। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10.35 मिनट पर होगी और अगले दिन 14 मार्च को दोपहर 12.23 तक रहेगी। 13 मार्च को भद्रा पूंछ शाम 6.57 मिनट से रात 8.14 तक रहेगी। इसके बाद भद्रा मुख का समय शुरू हो जाएगा जो रात 10.22 मिनट तक रहेगा। इसके बाद ही होलिका दहन करना शुभ होगा।

हालांकि भद्रा 10 बजकर 22 मिनट को समाप्त हो जाएगी, लेकिन दहन के लिए 13 मार्च को रात 11 बजकर 26 से देर रात 12 बजकर 30 मिनट का समय उत्तम माना जा रहा है। इस तरह से होलिका दहन के लिए 64 मिनट का समय भक्तों को मिलेगा। पुराणों के अनुसार भद्रा सूर्य की पुत्री और शनि देव की बहन है। भद्रा क्रोधी स्वभाव की मानी गई है। इसी वजह से भद्रा के समय किसी भी काम की शुरुआत वर्जित मानी गई है। भद्राकाल में होलिका दहन करना अनिष्ठ का स्वागत करने के समान माना जाता है।

वर्ष का पहला चंद्रग्रहण

इस वर्ष होली के दिन 14 मार्च को आश कि चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। भारतीय समय अनुसार सुबह 9:27 मिनट पर उपछाया ग्रहण शुरू होगा और 10 बजकर 39 मिनट पर आंशिक और 11 बजकर 56 मिनट पर पूर्ण चंद्रग्रहण समाप्त हो जाएगा। ग्रहण का समय दिन का होने के कारण यह भारत में नजर नहीं आएगा और इसी कारण इसका असर भी भारत पर नहीं होगा। ग्रहण का प्रभाव मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, यूरोप के कई हिस्सों, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका के बड़े हिस्से सहित अन्य जगहों पर पड़ेगा।

होलाष्ट 7 से होलाष्टक की अवधि बेहद महत्वपूर्ण होती है। यह अवधि शुभकार्यों को करने के लिए अशुभमानी जाती है। होलाष्टक की शुरुआत हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होती है और इसका समापन पूर्णिमा तिथि को होता है। इस बार होलाष्टक 7 मार्च को शुरू होगा और 13 मार्च को समाप्त होगा। यह समय खासतौर पर पूजा, व्रत और विशेष उपायों के लिए अत्यधिक शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान विशेष उपाय करने